# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक 5892/कु0का0/2025 दिनांक–03/04/2025

सेवा में,

1. प्रो0 हसीन खान, (संयोजक)
एवं डॉ0 प्रवेश कुमार सिंह, (सह–संयोजक)
महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

2. प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

**विषय–"भारत रत्न डॉ0 भीम राव आंबेडकर जी" के जन्म दिवस (14 अप्रैल, 2025) के अवसर पर राजभवन, लखनऊ में विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों मे अनुसूचित जाति के सफल छात्र/छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांकःई–2023/32–जी0एस0/2025 दिनांक 01 अप्रैल, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से "भारत रत्न डॉ0 भीम राव आंबेडकर जी" के जन्म दिवस (14 अप्रैल, 2025) के अवसर पर राजभवन, लखनऊ में विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों मे अनुसूचित जाति के सफल छात्र/छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाना है।

उक्त के क्रम मे राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांकःई–2023/32–जी0एस0/2025 दिनांक 01 अप्रैल, 2025 संलग्न कर इस आशय से प्रेषित है कि "भारत रत्न डॉ0 भीम राव आंबेडकर जी" के जन्म दिवस (14 अप्रैल, 2025) के अवसर पर दिनांक 14 अप्रैल, 2025 को विभिन्न विश्वविद्यालयों/संस्थनों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अनुसूचित जाति के छात्र/छात्रांओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय आए छात्रगण को प्रदेश स्तर पर लखनऊ में भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया जाना है। उपर्युक्त भाषण प्रतियोगिता का प्रथम चरण में अपने महाविद्यालय में अनुसूचित जाति के छात्र/छात्रांओं में प्रतियोगिता करा कर विश्वविद्यालय को प्रथम व द्वितीय चयनित छात्र/छात्राओं का नाम प्रत्येक दशा में 07 अप्रैल, 2025 को प्रस्तुत कर दें, जिससे द्वितीय चरण की प्रतियोगिता 09 अप्रैल,2025 को सुबह 09 बजे से विश्वविद्यालय के सेमिनार कक्ष में समयबद्ध आयोजित की जा सके।

**भाषण प्रतियोगिता के विषय निम्नवत् होंगें–**

**01. विकसित भारत की संकल्पना**

**02. प्रदेश के भौगोलिक व सामाजिक आधार पर विद्यमान आर्थिक व सामाजिक दूरी पर प्रौद्योगिकी का प्रभाव? लाभ, हानि व उपाय।**

**03. नये प्रौद्योगिकी युग में भारत के संविधान में सुधार किस सीमा तक?**

**04. "भारत रत्न डॉ0 भीम राव आंबेडकर भारत का संविधान एवं अमृतकाल में विकसित भारत, सामंजस्य का मार्ग?**

**<u>संलग्नक–उक्तवत्</u>**

**भवदीय**

**(विशेश्वर प्रसाद)**
**कुलसचिव**

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषितः–

01. निजी सचिव, कुलपति को, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. प्रभारी, प्रो0 हसीन खान/ सह प्रभारी, डॉ0 प्रवेश सिंह
03. सदस्यगण, सुश्री वैशाली सिंह, सुश्री निधि सिंह, श्री शुभम राय, श्री मोहन झा

कुलसचिव